**छत्तीसगढ़ शासन**
**वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
**मंत्रालय,**
**महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर**

क्रमांक / एफ 5–32 / 2017 / 10–2 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 16/05/2025

प्रति,

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
**एवं वन बल प्रमुख**
छत्तीसगढ़, अरण्य भवन,
सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक,
नवा रायपुर, अटल नगर।

विषयः– आवेदनकर्ता जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बीजापुर का बीजापुर वनमंडल अंतर्गत नुकनपाल नारंगी वन भूमि के 4.94 हे. में नवोदय माध्यमिक विद्यालय भवन निर्माण हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 अंतर्गत प्रत्यावर्तन प्रस्ताव।

संदर्भः–1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) का पत्र क्र./भू–प्रबंध/विविध/115–677/1746, दिनांक 26.05.201

2. विभागीय पत्र क्र. एफ 5–32/2017/10–2, दिनांक 27.05.2017 तथा पत्र दि. 20.06.2017।

******

विषयांतर्गत अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) द्वारा संदर्भित पत्र क्र. 1 के माध्यम से प्रेषित आनलाईन एवं ऑफ लाईन प्रस्ताव में भारत सरकार, नई दिल्ली के तत्कालीन प्रावधानों के अंतर्गत राज्य शासन स्तर से सामान्य अनुमोदन के तहत् संदर्भित पत्र क्र. 2 द्वारा क्रमशः सशर्त सैद्धांतिक एवं औपचारिक स्वीकृति जारी की गई।

2/– उक्त प्रकरण राज्य शासन के Recommendation Section में आनलाईन दर्शित नही होने के कारण सामान्य अनुमोदन के तहत् राज्य शासन स्तर से जारी अनुमति को परिवेश पोर्टल में आनलाईन अपलोड नही किया जा सका। उक्त परिवेश पोर्टल में आवश्यक तकनीक सुधार हेतु राज्य शासन के पत्र दिनांक 10.03.2025 द्वारा भारत सरकार, नई दिल्ली से अनुरोध किया गया था।

4/– भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा उनके ई–मेल दिनांक 17.04.2025 द्वारा निम्नानुसार निर्देश दिये गये :–

FP/CG/SCH/26015/2017: The 'District Profile details' are currently blank in Part-II. Please raise an EDS to the DFO level to enable editing and completion of Part-II form to the DFO, after which the proposal will be visible for Recommendation & In-Principle Approval to the State Government.

5/– अतः निर्देशानुसार अनुरोध है कि, कृपया भारत सरकार के उक्त निर्देशों के तहत् परिवेश पोर्टल में वनमंडलाधिकारी द्वारा प्रदायित Part-II में वनमंडलाधिकारी से संपूर्ण जानकारी आनलाईन प्रविष्टी कराने का कष्ट करें ताकि राज्य शासन स्तर से जारी अनुमतियों को परिवेश पोर्टल में आनलाईन अपलोड किया जा सके। (समय सीमा : 03 दिवस)

(डी.आर.सोन्टापर)
अवर सचिव
छत्तीसगढ शासन,
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

पृष्ठां.क्रमांक / एफ 5–32 / 2017 / 10–2 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 16/05/2025

प्रतिलिपि :–

1.प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध), कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अरण्य भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़।
2.मुख्य वन संरक्षक, जगदलपुर वृत्त, जगदलपुर, छत्तीसगढ़।
3.वनमंडलाधिकारी बीजापुर वनमंडल, छत्तीसगढ़।
4.आवेदनकर्ता जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बीजापुर छत्तीसगढ़।
की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

अवर सचिव
छत्तीसगढ शासन,
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

D/FCA/ Latter-N/Lalit